जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### फिटनेस का संकल्प जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2023 के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में हमें फिट रहने का संदेश दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने कुछ सेलिब्रिटी को भी शामिल किया। इन सेलेब्रिटीज ने अपनी फिटनेस का मंत्र बताया। प्रधानमंत्री ने नववर्ष के संकल्प के लिए कहा कि हमें खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री का फिट इंडिया का सपना तभी पूरा होगा जब हम ऐसा संकल्प लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को फिट रखने के लिए 'फिट इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत की। प्रधानमंत्री की इस मुहिम में सबको शामिल होना चाहिए, क्योंकि स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है। जो समय पर रात को सोता है, सुबह समय पर उठकर प्रकृति से जुड़ता है, वह सारा दिन अपनी दिनचर्या स्फूर्ति से बिताते हुए अपने हर काम निपटाता है। *-पंकज चतुर्वेदी, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# चुनाव से बांग्लादेश के भविष्य को खतरा

बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी 'अवामी लीग' की विजय पक्की मानी जा रही है। यह बांग्लादेश के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण भी साबित हो सकता है। वर्ष 2014 और 2018 के पिछले दो चुनावों के साथ कुछ समानताओं के बावजूद वर्ष 2024 के आम चुनाव के बाद का परिदृश्य अलग होने की संभावना है। अपने लगातार चौथे कार्यकाल में हसीना के सामने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ,दोनों तरह की कठिन चुनौतियां होंगी, जिनका देश के आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक पथ पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। वर्ष 2024 के चुनाव की राह साजिश, विपक्ष पर कार्रवाई, बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां, हिंसा और राज्य तंत्र के दुरुपयोग से भरी है। यहां तक कि न्यायपालिका भी मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' को मुकाबले से बाहर रखने के लिए सक्रिय हो गई है, लेकिन इसके बावजूद चुनाव को इस तरह पेश किया जा रहा है कि इसमें सभी की सहभागिता है। सवाल यह है कि क्या मतदाता बड़ी संख्या में मतदान करेंगे। जब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 2014 में चुनाव का बहिष्कार किया था तो कम मतदान हुआ, जिससे लोकप्रिय जनादेश हासिल करने का अवामी लीग (एएल) का दावा कमजोर हो गया।



## ऑफ बीट

# डरे होने पर हम कैसे और क्या सीखते हैं?

हममें से कई लोगों को परिवार के किसी सदस्य, शिक्षक या बॉस द्वारा चिल्लाने या धमकाने की स्पष्ट याद है। इस तरह के डराने वाले अनुभव अक्सर हमारी स्मृति में अंकित हो जाते हैं; भविष्य में उनसे बचने के लिए भयावह घटनाओं को याद रखना आवश्यक है। यह एक सामान्य प्रतिक्रिया है जो हमारे अस्तित्व को बढ़ावा देती है। डर और स्मृति के बीच यह मजबूत संबंध हमें यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि डर सीखने का एक प्रभावी उपकरण हो सकता है। हालाँकि, अनुसंधान से पता चलता है कि डर के बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए दीर्घकालिक नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं – और वास्तव में सार्थक तरीकों से सीखना कठिन हो सकता है। जब हम डरे हुए होते हैं तो हम कैसे और क्या सीखते हैं, इस बारे में शोध क्या कहता है, यहां बताया गया है। डर बच्चों की पढ़ाई को कैसे प्रभावित करता है? डर हमें वर्तमान और भविष्य के खतरे से बचाने के लिए बनाया गया है। यदि बच्चों को ऐसे अनुभवों का सामना करना पड़ता है जो डर पैदा करते हैं, तो वे नए अनुभवों से बचना सीखते हैं – अज्ञात की खोज करने, उसमें शामिल होने और जिज्ञासा के साथ संपर्क करने के विपरीत।



## ट्रेंड

### पांच चीज़े बहुत जरूरी



किसी भी देश की ग्रोथ करने के लिए, उन्नति करने के लिए पांच चीज़े बहुत जरूरी है। इनको आप पंचतंत्र कह सकते है। ख़ुशी की बात है की आज के दिन वर्तमान भारत में वह पांचो चीज़े स्थापित है।
-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### बड़ी उपलब्धि



नामीबिया से लाई गई चीता 'आशा' के तीन शावकों को जन्म देने से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को बसाने के प्रयास को एक बड़ी सफलता मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई यह परियोजना पूरे मध्य प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।
-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### समन ग़ैर क़ानूनी



ये मुझे गिरफ़्तार करना चाहते हैं। मेरी सबसे बड़ी सम्पति मेरी ईमानदारी है। ये फर्जी मुक़दमों से मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजा है, मेरे वकीलों ने कहा है ये समन ग़ैर क़ानूनी है।
-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### बहुत आभारी हूं



अपनी मिट्टी, अपना देश कैसा भी हो, अपने लिए घर जैसा होता है। जब भी कोई इसे छोड़ कर जाता होगा। उसका दिल इसी तरह का कोई गीत गाता होगा। चल वे वतना. ..फिर मिलेंगे। बैठकर लंबी... बात करेंगे। इस मधुर कृति के लिए बहुत आभारी हूं।
-शाहरुख खान, अभिनेता

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
नए साल की शुरुआत करें,
एक स्टाइलिश नई सवारी के साथ!
मारुति सुज़ुकी एरीना पर आज ही आकर्षक ऑफ़र्स का आनंद उठाएं.
Happy New Year 2024
महा बचत
WAGONR ₹39 000*
ALTO K10 ₹49 000*
S-PRESSO ₹49 000*
SWIFT ₹39 000*
DZIRE ₹10 000*
CELERIO ₹49 000*
EECO ₹24 000*
EMI STARTING FROM ₹1769^ -PER LAKH-
100%*^ ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
SCAN TO CHAT WITH US
WAGONR ALTO K10 S-PRESSO ERTIGA BREZZA SWIFT DZIRE CELERIO EECO
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect.
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9926127774, 8435059922. MAHASAMUND: CALL: 8435019922. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 9285505780. GARIYABAND: 9753225616. PITHORA: 9926602080. CHARODA: CALL: 6262043029. DURG: CALL: 6262043029. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. DONGARGARH: CALL: 9827643832. BHILAI: CALL: 9826440009, 9689214825. KHAIRAGARH- 8839811678.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA :7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029
*Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. *^Terms and conditions apply. Finance scheme details mentioned in the advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the Bank. 100% on-road funding is provided by select financiers only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. The price given in the ad is based on Raipur prices and are subject to vary based on the dealer city. Above offers are valid till 31ST January 2024.

## जैकेट के शेष

### सीएम साय का दिखा ....

किया। उन्होंने शासन-प्रशासन के कामों को सुगमता से संचालित करने अफसरों को परखने में वक्त लिया। कार्य दक्षता, काम करने की शैली और खास अंदाज का पूरी तरह आंकलन के बाद उन्होंने थोक में बदलाव को अंतिम रूप दिया। मोदी की गारंटी पूरी करने अफसरों की बेहतर जमावट के लिए उन्होंने हाशिये पर रहे काबिल अफसरों को भी फ्रंट में निकाला। इनमें प्रमुख सचिव निहारिका बारिक भी हैं। तीन माह पहले वे लंबी छुट्टी से लौटी थीं। लौटने के बाद उन्हें पिछली सरकार ने ग्रामीण विकास संस्थान का महानिदेशक बना दिया था। अब उन्हें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विकास आयुक्त, प्रमुख सचिव इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग देकर आगे लाया गया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में रहते हुए अच्छे काम किए थे। इसी प्रकार पांच साल तक हाशिये पर रहीं आर. संगीता को आबकरी सचिव और आवास पर्यावरण विभाग दिया गया है। कांग्रेस सरकार के समय आबकारी विभाग में शराब घोटाले को लेकर ईडी-आईटी के छापे से यह चर्चा में रहा। वे पहली महिला आईएएस हैं, जिन्हे आबकारी का कार्यभार दिया गया है। दुर्ग और महासमुंद में कलेक्टर रहीं आर. संगीता पूर्व आईएएस ओपी चौधरी की बैचमेट भी रहीं। पिछली सरकार में टीपी वर्मा को खाद्य और कई विभागों का प्रभार देकर उन्हें खास तवज्जो दी गई। उन्हें अब राजस्व मंडल में भेजा गया है। वहीं मार्कफेड में अब रमेश शर्मा को लाया गया है। अभी वे राजस्व विभाग में थे, अब उसके साथ मार्कफेड भी दिया गया है।

**जनप्रतिनिधियों की पसंद का ख्याल** : राज्य सरकार ने डेढ़ दर्जन से अधिक कलेक्टरों को भी बदला है। इनमें से कई कलेक्टरों की चुनाव के समय शिकायत हुई थी। वहीं नए बनाए गए कलेक्टरों में उन्हें जगह दी गई है, जो अपनी साफ छवि के लिए जाने जाते हैं। इनमें डी, वेंकट राहुल और गौरव सिंह जैसे आईएएस भी हैं। जिला प्रशासन में बरसों से निर्वाचन में रहे विपिन मांझी को नारायणपुर कलेक्टर बनाया गया है। गरियाबंद क्षेत्र के मूल निवासी मांझी ने कई सालों से उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में काम किया। बिपिन मांझी को नारायणपुर भेजने और मौजूदा कलेक्टर अजीत वसंत को कोरबा भेजने में भी मंत्री केदार कश्यप की पसंद का ध्यान रखा गया है।

### ओपी मंत्री और उनकी ....

पर हैं। छत्तीसगढ़ में इस समय 2005 बैच के तीन आईएएस हैं। एस. प्रकाश, राजेश टोप्पो और आर. संगीता। तीनों अफसरों को इस लिस्ट में पोस्टिंग अच्छी मिली है। बात संगीता की, तो वे अपने ही बैचमेट की सेक्रेटरी होंगी।

### छग में राहुल की ....

सभा और अन्य रूट के संबंध में अपने सुझाव रखे।

### छत्तीसगढ़ का ...

क्रम सोमवार से शुरू हो जाएगा। सत्र के दौरान भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को लेकर कई नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है। वहीं सत्र के दौरान कई महतवपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। उल्लेखनीय है कि नई सरकार बनने के बाद तीन दिन का शीतकालीन सत्र 19 से 21 दिसंबर तक आहूत किया गया था। अधिसूचना जारी होने के साथ ही विपक्ष द्वारा सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति तैयार की जाएगी। सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा सदन में होगी।

### दिल्ली में 'मुरिया ....

परेड के लिए 28 में से 16 राज्यों का चयन किया गया है। झांकी का अनूठा विषय और डिजाइन रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति को रिझाने में कामयाब रहा।

## पेज एक के शेष

### इंडिया ने रचा इतिहास...

दोनों पारियों में सिर्फ 107 ओवर में 642 गेंदें खेली गई है। ऐसे में यह सबसे कम गेंदों में खेले जाने वाला टेस्ट मैच बन गया है। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी सिर्फ 23.2 ओवर में 55 रन पर सिमट गई। इसके बाद भारत ने पहली पारी में 34.5 ओवर में 153 रन बनाए।दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका ने 36.5 ओवर में 176 रन बनाए। भारत ने दूसरी पारी में 12 ओवर में 80 रन बनाए।

### धान बेचने अब वक्त...

दिसंबर में धान की कटाई होते ही किसानों की सोसाइटियों में भीड़ टूट पड़ी। हालांकि सोसाइटियों में एक दिन में धान खरीदी का रेसो निर्धारित है। इसके कारण टोकन कटाने के बाद भी किसान अपना धान बेच नहीं पा रहे हैं। किसानों की दिक्कत को देखते हुए शासन ने टोकन में वृद्धि भी कर दी है। तीन की जगह किसान अब चार टोकन ले सकते हैं, लेकिन सिर्फ टोकन बढ़ाने से किसानों की चिंता में कमी नहीं आई है। उनकी चिंता का मुख्य कारण खरीदी का निर्धारित समय है, जो बहुत कम बचा है।

**ठंड में खलिहान में झोपड़ी बनाकर धान की रखवाली करने मजबूर किसान** : भिलाई क्षेत्र में भी किसानों को अपनी उत्पादित धान को समर्थन मूल्य पर बेचने टोकन कटवाने, भूखे-प्यासे होकर लाइन लगना पड़ता है। किसानों अभी समस्या के दलदल में ही है। कहीं टोकन नहीं मिल रहा है तो कहीं कई दिनों के बाद धान बेचने की तारीख दी जा रही है। इसके कारण किसान ठंड में घर के आंगन एवं खलिहान में अपनी धान की रखवाली करने रतजगा कर रहे हैं।

### दुर्ग जिले में भी खुले...

होने की समस्या बता रहे हैं। ऐसे में वे मिंजाई के बाद बिहारा में ही खुले आसमान के नीचे धान रखने मजबूर हैं। यहां वे लगातार रतजगा कर रहे हैं। इसी प्रकार थनौद के किसान चंद्रकांत सिन्हा ने बताया कि मिंजाई के बाद धान रखने की घर में जगह नहीं है, वहीं बारदाना की भी समस्या है। ऐसे में वह घर के एक कमरे में धान को पाला (खुला) कर रखा है, जिससे रोजाना चूहा धान को चट कर रहे हैं। तुल्लुराम सिन्हा और सियाराम निषाद ने बताया कि वे भी अपने आंगन के कोठार में झिल्ली ढककर धान रखे है।

### बस्तर जिले में टोकन...

बेचने भारी संख्या में उपार्जन केंद्र पहुंच रहे हैं। इसके कारण किसानों को टोकन देकर धान बेचने के लिए निर्धारित समय दिया जा रहा है। खरीदी केंद्रों में एक दिन में एक साथ सैकड़ों टोकन नहीं दिया जा रहा, लेकिन 4 जनवरी की स्थिति में बस्तर जिले के विभिन्न लैम्प्स सोसाइटी में 1455 टोकन काटा गया है। इसमें 842 किसानों ने अपना उपज बेचा है, जबकि अभी भी जिले में 613 किसान टोकन काट कर धान बेचने अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में किसान घर के बाहर आंगन में बने कोठार में रखे धान की दिन-रात पहरेदारी कर रहे हैं। तोकापाल ब्लॉक के ग्राम सोनारपाल के कृषक ठिबु और चोन्दीमेटावाड़ा के कृषक गुड्डू पोयाम अपने परिवार के साथ दिन-रात धान की रखवाली कर रहे हैं।

### राजनांदगांव जिले में...

खरीदी का टारगेट पूरा करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगी। किसानों को भी धान बेचने के लिए लंबा समय दिया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग दो हजार क्विंटल की लिमिट तय होने से किसानों को टोकन के लिए एक सप्ताह से लेकर दस दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। एक तरफ मौसम, तो दूसरी तरफ लंबा समय अंतराल का टोकन मिलने से किसान परेशान नजर आ रहे हैं।

### टोकन की लंबी वेटिंग...

चुनौती है। किसान भी विकट समस्या से जूझ रहे हैं। मिंजाई करने के बाद भी धान नहीं बिकने से वे अपने घरों में धान को स्टोर करके रखने को मजबूर हैं। किसान अब टोकन कटवाकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। विडंबना यह है कि टोकन में लंबी वेटिंग हैं। 21 जनवरी तक टोकन कट चुका है। कई किसान अभी भी टोकन कटवाने के लिए पहुंच रहे हैं। खरीदी की लिमिट बढ़ाकर 21 क्विंटल कर दी गई है। इससे धान खरीदी का लक्ष्य और बढ़ गया। विडंबना यह है कि प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट तय है, जबकि खरीदी की रफ्तार कम है। नरेंद्र सिन्हा, गिरधर साहू, रमन साहू सहित अन्य किसान अब खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

### राज्यसभा के 68 सदस्य...

राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए भी चुनाव की घोषणा की गई है, जहां सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के सदस्य हिशे लाचुंगपा 23 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 57 नेताओं का कार्यकाल अप्रैल महीने में पूरा हो रहा है। जिन अन्य सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें बीजू जनता दल (बीजद) के प्रशांत नंदा और अमर पटनायक (ओडिशा), भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी (उत्तराखंड) और मत्स्य पालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, कांग्रेस के नारणभाई राठवा और अमी याग्निक (सभी गुजरात) भी शामिल हैं। इनके अलावा विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, केंद्रीय मंत्री नारायण राणे, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर, कांग्रेस के कुमार केतकर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की वंदना चव्हाण और शिवसेना (यूबीटी) के अनिल देसाई महाराष्ट्र से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। महाराष्ट्र में राकांपा और शिवसेना में टूट के बाद बदले घटनाक्रम के मद्देनजर वहां के राज्यसभा चुनाव पर सबकी निगाहें टिकी होंगी। मध्य प्रदेश से धर्मेंद्र प्रधान, सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन, अजय प्रताप सिंह और कैलाश सोनी (सभी भाजपा) तथा कांग्रेस के राजमणि पटेल उच्च सदन से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कर्नाटक से भाजपा के राजीव चंद्रशेखर और कांग्रेस के एल हनुमंथैया, जी सी चंद्रशेखर और सैयद नासिर हुसैन का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

# पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल आरोपी निखिल गुप्ता को झटका

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यर्पण कार्यवाही के खिलाफ दायर याचिका की खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नूकी हत्या की साजिश रचने के आरोपी निखिल गुप्ता को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। चेक गणराज्य में उसकी गिरफ्तारी व प्रत्यर्पण कार्यवाही के खिलाफ दायर याचिका शीर्ष अदालत ने खारिज कर दी। निखिल के परिवार के एक सदस्य ने कंसुलर एक्सेस यानी राजनयिक पहुंच की मांग वाली याचिका दाखिल की थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, 'हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। आप वियना संधि के तहत राजनयिक पहुंच के हकदार हैं, जो आपको पहले ही मिल चुका है।' पीठ ने गुप्ता के परिजनों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीए सुंदरम से कहा कि इस अदालत को विदेशी अदालत के अधिकार क्षेत्र और संप्रभुता तथा देश के कानून का सम्मान करना चाहिए और इसलिए वह मामले



के गुण-दोष में नहीं जा सकती। सुंदरम ने जब यह बताने की कोशिश की कि गुप्ता को एकांत कारावास में रखा गया है और अभियोग के बाद उन्हें राजनयिक पहुंच नहीं दी गई तो पीठ ने कहा, 'हम आपको विदेशी अदालत के बारे में कुछ भी बोलने की अनुमति नहीं देंगे।' पीठ ने कहा कि 17 सितंबर, 2023 को गुप्ता को इस मामले में राजनयिक पहुंच मिली है और उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय का भी रुख किया है, जहां कुछ आदेश पारित किए गए हैं।

### अमेरिका ने लगाया है आरोप

दरअसल, अमेरिका ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में हिरासत में लिया गया था। उसके परिवार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिका में निखिल को हिरासत में लिए जाने को अवैध बताया गया था। इसके साथ ही मदद व जांच के निर्देश देने की गुहार लगाई गई थी। परिवार ने सुप्रीम कोर्ट से मदद के लिए विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय को निर्देश देने और चेक अधिकारियों से हस्तक्षेप की गुहार लगाई थी।

### अमेरिका के आदेश पर हुई थी गिरफ्तारी

बता दें कि चेक गणराज्य के न्याय मंत्रालय ने निखिल गुप्ता की गिरफ्तारी की पुष्टि की थी। यह कार्रवाई अमेरिका के आदेश पर की गई थी। अमेरिका ने गुप्ता पर खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि एक अज्ञात भारतीय सरकारी कर्मचारी के कहने पर निखिल गुप्ता ने अमेरिकी धरती पर पन्नू को मारने की साजिश रची।

## पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी

### खेड़ा को सुको से भी झटका

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर



की गई टिप्पणी के मामले में खेड़ा के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और आपराधिक कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया है। बता दें, अदालत गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा, 'माफ कीजिए, हमारा कोई इरादा नहीं है।' इससे पहले, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आपराधिक मामला रद्द करने की खेड़ा की याचिका खारिज कर दी थी।

## विधायकों की अयोग्यता मामला

### गोवा कांग्रेस प्रमुख की याचिका खारिज

गोवा कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश चोडनकर की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट ने स्थगित कर दी है जिसमें राज्य विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को बरकरार रखा गया था। इसके तहत भाजपा में शामिल हुए 10 विधायकों को अयोग्य ठहराने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने मामले को यह कहते हुए टाल दिया कि इसे गैर विविध दिनों मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को सुना जाना चाहिए। बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा पीठ ने 24 फरवरी, 2022 को स्पीकर के आदेश को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता चोडनकर और एमजीपी के विधायक द्वारा दायर दो याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

## मक्का में मिला सोने का बड़ा भंडार, और अमीर होगा सऊदी अरब



**मक्का।** इस्लाम समुदाय के सबसे पवित्र शहर मक्का में सोने का विशाल भंडार प्राप्त हुआ है। सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में सोने के विशाल भंडार मिलने की घोषणा सऊदी अरब ने हाल ही में की है। इस संबंध में सऊदी अधिकारियों ने अपनी घोषणा में कहा कि मक्का क्षेत्र के अल खुरमा गवर्नरेट में मौजूद मंसूराह मस्सारा सोने की खदान के दक्षिण में 100 किमी की दूरी पर सोने का भंडार मिला है।

## म्यांमार सीमा पर खत्म होगी मुक्त आवागमन की व्यवस्था

नई दिल्ली। पूर्वोत्तर सीमा पर अवैध प्रवासियों और उग्रवादियों की घुसपैठ को रोकने के लिए भारत-म्यांमार सीमा पर लागू मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) केंद्र सरकार खत्म करने जा रही है। स्थानीय निवासियों ने एफएमआर की शिकायत में बताया था कि उग्रवादी और मादक पदार्थों व हथियारों के तस्कर इस व्यवस्था का दुरुपयोग कर रहे हैं।

## जन्मदिन पर भीड़ से नाराज मंत्री ने दिया लाठीचार्ज का निर्देश

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री अब्दुल सत्तार का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह अपने जन्मदिन के मौके पर आयोजित एक डांस शो के दौरान पुलिस से मौज मस्ती करने वालों पर लाठियां चलाने और उनकी हड्डियां तोड़ने के लिए कहते दिखे। यह घटना बुधवार की रात शहूर डांसर गौतमी पाटिल के डांस शो के दौरान घटी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के नेता अब्दुल सत्तार सिल्लोड विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।


## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बस्तर जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र./202307150400014/1/अ-59/2022-2023 नगर पंचायत बस्तर

### उद्घोषणा

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (नजूल शाखा) जिला बस्तर, जगदलपुर का पत्र क्रमांक 168/नजूल/2023 जगदलपुर, दिनांक 08.05.2023 में दिये गये निर्देशानुसार नगर पंचायत, बस्तर को नजूल घोषित किया जाना है। नगर पंचायत बस्तर के अन्तर्गत निम्नलिखित मदवार भूमि का वर्गीकरण नोईयत परिवर्तन कर नजूल घोषित किया जाने हेतु प्रकरण प्रारंभ किया गया, जो निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | भूमि का मद | कुल खसरा नंबर | कुल रकबा हे. में |
|---|---|---|---|
| 1 | आबादी भूमि | 25 | 38.103 |
| 2 | बाग अमराई | 08 | 6.624 |
| 3 | घांस भूमि | 66 | 65.389 |
| योग | | 99 | 110.116 |

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मद भूमि को नोईयत परिवर्तन कर नजूल घोषित किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 22 जनवरी, 2024 तक दावा / आपत्ति पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03 जनवरी, 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बस्तर

## एनएमडीसी स्टील लिमिटेड

C/o एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट
पोस्ट–नगरनार (बस्तर) छत्तीसगढ़ पिन–494001, GSTIN: 22AAFCN3661C1ZX
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : (CIN) – U27310CT2015GO1001618
ई–मेल: csn@nmdc.co.in; rmrathod@nmdc.co.in; gajendrasethiya@nmdc.co.in

### खुली निविदा इन्क्वायरी

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, नगरनार निम्नलिखित के लिए 25.01.2024 को अप. 2.30 बजे प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय के साथ दो निविदा प्रणाली में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है: **कार्य का नाम:** एनआईएसपी नगरनार में लिफ्टिंग मशीनों, टूल्स एवं टैकल्स और प्रेशर वैसल्स की जांच, परीक्षण एवं प्रमाणन। **निविदा सं. एवं तिथि:** एनएसएल/कॉन्ट्रेक्ट्स/ सीओएन/ 415/टूल एंड टैकल्स/2023/395 दिनांक 05.01.2024 **कार्य का नाम:** एनडीएमसी स्टील लि. प्लांट में फेज–II एवं फेज–III के लिए –शॉप फ्लोर्स एवं बिल्डिंगों के भीतर सेफ्टी साइनेज की वॉल पेन्टिंग। **निविदा सं. एवं तिथि:** एनएसएल/कॉन्ट्रेक्ट्स/सीओएन/375 पेन्टिंग/ 2023/396 दिनांक: 05.01.2024
निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.nmdc.co.in या www.eprocure.gov.in पर निविदा सेक्शन से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

एचओडी (अनुबंध)

## कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर छ.ग.

क्रमांक / डॉ.भी.अ.चिकि./ क्रय /205 रायपुर, दिनांक 03/01/2024

### //ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम निविदा आमंत्रण सूचना//

डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के लिए R O Plant क्रय करने हेतु ऑन लाईन निविदा क्रमांक 150951 आमंत्रित की गई है। इसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर सिस्टम टेण्डर क्रमांक 150951 में देखा जा सकता हैं।

| | |
|---|---|
| BID SUBMISSION START DATE | 6 JAN, 2024 4:00:00 PM IST |
| BID DUE DATE | 5 FEB, 2024 12:00:00 PM IST |
| PHYSICAL FDR SUBMISSION END DATE | 5 FEB, 2024 12:30:00 PM IST |
| BID OPEN DATE (SCHEDULED) | 5 FEB, 2024 1:00:00 PM IST |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय
रायपुर (छ.ग.)

G-06896/1

## कार्यालय संचालक सह वनमण्डलाधिकारी जंगल सफारी वनमण्डल रायपुर (छ.ग.)

Phone No. - 0771-2439725 Email ID – dfojunglesafari@yahoo.com

### निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संचालक सह वनमण्डलाधिकारी जंगल सफारी रायपुर द्वारा नंदनवन जू एवं जंगल सफारी नया रायपुर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु फेब्रिकेशन की निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय से सूचना प्रकाशन के 30 दिन के अंदर या दिनांक 05/02/2024, 12.00 दोपहर तक, 1000/- का डिमांड ड्राफ्ट / नगद शुल्क जो संचालक सह वनमण्डलाधिकारी, जंगल सफारी, रायपुर के नाम में देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। प्रथम बार में निविदा दिनांक 05/02/2024 को कार्यालयीन समय दोपहर 04.00 बजे खोली जावेगी। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रथम निविदा असफल होने पर निविदा की द्वितीय तिथी 12/02/2024 एवं तृतीय तिथी 19/02/2024 को दोपहर 4.00 बजे निर्धारित की जाती है।

संचालक सह वनमण्डलाधिकारी
जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)

G-06892/1

## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI GODAWARI BASIN RAIPUR (C.G.)

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**CORRIGENDUM No- 01**

In System Tender 149869 /NIT No. :21/SAC/2023-24, Raipur, Dated: 13.12.2023 Whose G-Number is 06430 dated 15.12.2023 following amendments are made :-

| S.No | Amendments |
|---|---|
| 1 | Online Tenders are invited up to 08.01.2024 at 17.30 Hour |
| 2 | Bid Open Start Date and time: 09.01.2024, 11:30 Hours |

**Note:-** All other terms and conditions will remain be unchanged.

EXECUTIVE ENGINEER
Water Resources Division, Raipur
for, Chief Engineer, Mahanadi
Godawari Basin Water Resources
Department, Raipur (C.G.)

G-06902/4


## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5385



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 5384 का हल



## सूडोकु नवताल- 5395

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5394 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |



रोचक / प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, अगर तुम विंटर वेकेशन पर अपनी फैमिली के साथ कहीं स्नोफॉल वाले इलाके में जाने का प्लान कर रहे हो तो कुछ क्रिएटिव-मजेदार आउटडोर गेम्स और एक्टिविटीज के बारे में जरूर जान लो, ताकि वहां जाकर इन्हें एंज्वॉय करो।

# विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर एक्टिविटीज संग

बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर फैमिली के साथ मजे करने के लिए आउटडोर एक्टिविटीज एक बहुत मजेदार ऑप्शन है। यहां हम तुम्हें कुछ एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर वेकेशन का मजा दोगुना कर देंगी।

### स्नोमैन या स्नो एनिमल्स

बर्फबारी वाले इलाके में फैमिली के साथ जमीन पर पड़ी बर्फ से स्नोमैन बनाने से बेहतर यादगार लम्हा कुछ और नहीं हो सकता। बच्चों, अगर तुम इस एक्टिविटी में क्रिएटिव बदलाव लाना चाहते हो तो स्नोमैन के बजाय अपने किसी फेवरेट एनिमल जैसे- भालू, बिल्ली, कुत्ता, पेंगुइन की आकृति भी बना सकते हो। इन्हें देखकर बहुत मजा आएगा।

### आइस स्केटिंग

विंटर में जहां बर्फबारी होती है या तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है। वहां आउटडोर एक्टिविटीज में आइस स्केटिंग सबसे



मजेदार खेल है। आइस स्केटिंग आउटडोर रिंक (एक निर्धारित आइस कोर्ट) पर करते हैं। अधिकांश रिंक में बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों के लिए भी आइस स्केट्स उपलब्ध होती हैं। यहां बच्चों एक बात का ध्यान रखना कि आइस स्केटिंग करते समय अपने सिर और अंगुलियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और मोटे दस्तानें जरूर पहन लेना।

### स्कीइंग-स्नो बोर्डिंग गेम्स

बच्चों, स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग बहुत मजेदार गेम्स हैं। बर्फबारी वाली पहाड़ी पर ये दोनों गेम खेलने में बहुत मजा आता है। बच्चों के लिए भी स्कीइंग और स्नोबोर्ड के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर तुम स्कीइंग में नए हो तो वहां पर तुम्हें स्की ट्रेनर भी मिल जाएगा। एक बार जब तुम स्कीइंग या स्नोबोर्ड चलाना सीख जाओगे तो इसमें बहुत मजा आएगा।



### रंगीन बर्फ के गोले

बच्चों, स्नोफॉल होने पर तुम रंग-बिरंगे बर्फ के गोले बना सकते हो। इसके लिए जमीन पर गिरी बर्फ को इकट्ठा करके थोड़ा गर्म करके पिघला लो। पानी ठंडा होने पर गुब्बारे में भर लो, इसी के साथ तुम खाने में उपयोग किए जाने वाले रंग की कुछ बूंदें भी इसमें मिला सकते हो। इसके बाद रंगीन पानी के गुब्बारों को घर के बाहर पड़ी बर्फ में डालकर ऊपर से बर्फ से ढंक दो, इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दो। एक बार रंगीन पानी जम जाने पर, गुब्बारों को फोड़ो। अब तुम्हारे पास अपनी पसंद के रंगों के सुंदर बर्फ के गोले होंगे। इन्हें सजाने के लिए या खेलने के लिए बाहर ले जा सकते हो।



### बर्फ का महल

बच्चों, गर्मियों में रेत के महल तो तुमने खूब बनाए होंगे, विंटर में बर्फ का महल बनाना भी बहुत मजेदार एक्टिविटी है। रेत के महल बनाने के उपकरण जैसे कप, कटोरे, फावड़े आदि की जरूरत होती है, बर्फ के महल के लिए भी इन उपकरणों की जरूरत होगी। इनकी मदद से अपने भाई-बहन और पैरेंट्स के साथ बर्फ का महल बनाओ फिर इसे पेड़ के पत्तों से सजाओ। महल को अनोखा बनाने के लिए इसमें थोड़ा रंगीन पानी भी डाल सकते हो। *



### पेट के लिए बनाओ स्पेशल स्नो केक



**केक किस** को पसंद नहीं होता, हर किसी को केक पसंद होता है, यहां तक कि पेट एनिमल्स को भी। बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर तुम अपने पेट के लिए स्नो केक बना सकते हो। जमीन पर एक बड़ा स्नो केक बनाने के लिए बर्फ का उपयोग करो। अपने एनिमल की फेवरेट चीजों को बर्फ के ऊपर सजा सकते हो। तुम्हारा पेट एनिमल स्नो केक देखकर बहुत खुश हो जाएगा। *

# माउंट एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला बार-हेडिड गूज

अनोखा पक्षी



बच्चों, इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तुम्हें सुबह-सुबह रजाई से बाहर आने में बहुत आलस आता होगा। जरा-सा ठंडा पानी शरीर पर लग जाए तो पूरे शरीर में कंपकंपी होने लगती होगी। दुनिया में एक ऐसा पक्षी है, जो ऐसी कड़ाके की ठंड में हिमालय पर्वत श्रृंखला के ऊपर आसानी से उड़ान भर लेता है। इस अनोखे पक्षी का नाम बार-हेडिड गूज है। यह हंस की एक प्रजाति है, जिसे अपने देश में राजहंस कहा जाता है।

बच्चों, बार-हेडिड गूज प्रजाति बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, भारत, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, थाईलैंड और वियतनाम देशों में पाई जाती है। यह प्रजाति सर्दी के मौसम में भारत की ओर प्रवास करती है। इस दौरान यह पक्षी हिमालय पर्वत श्रृंखला को पार करता है। यह औसतन 20,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरता है। इसलिए बार-हेडिड गूज का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में शामिल है। उड़ान भरने के दौरान जब यह हिमालय के मध्य से उड़ान भरता है तो हवा की गति 322 किमी. प्रति घंटा होती है। जानकारों के अनुसार पर्वतारोहियों ने बार-हेडिड गूज को माउंट एवरेस्ट की चोटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए देखा है, यह ऊंचाई करीब 30,000 हजार फीट से अधिक होगी। इसके अलावा बार-हेडिड गूज लगातार लंबी दूरी तक की उड़ान भरने में सक्षम है। कहा जाता है कि यह पक्षी एक ही दिन में बिना रुके 1,000 मील यानी करीब 1,609 किमी. की दूरी तय कर सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी वजह इस पक्षी के शक्तिशाली पंख होते हैं। साथ ही इस पक्षी की रक्त कोशिकाओं में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है, जो काफी ऊंचाई पर भी ऑक्सीजन को बहुत जल्दी अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए यह हिमालय पर्वत श्रृंखला को आराम से पार कर लेता है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

## बूझो तो जानें



1
मूंग नहीं लेकिन फली निराली,
जाड़ों की मेवा कहलाती।
बड़े स्वाद से मुझको खाते
तन में सबके शक्ति बढ़ाती।।

2
नन्हा हूं लेकिन शक्ति बढ़ाता,
सफेद, काला दो रंग में आता।
गजक, लड्डू बनते हैं मुझसे,
सर्दी लगने से मैं हूं बचाता।

3
किश और मिश में नाम छिपा है,
बड़ी मुलायम शक्ति वाली।
बच्चे-बूढ़े सबको मैं भाऊं,
खीर का स्वाद बढ़ाने वाली।।

4
तन मेरा है बड़ा कठोर,
तोड़ो तो मस्तक-सा चित्र।
जो खाता मेरे फल को,
शक्ति दूं मैं सच्चा मित्र।।



-डॉ. राकेश चक्र

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-तिल, 3-किशमिश, 4-अखरोट

कविता / इंद्रजीत कौशिक

## रजाई



जब से देखो सर्दी आई
मुझको भाने लगी रजाई।
जब इसमें घुस जाता हूं,
बाहर नहीं फिर आता हूं।
नींद बहुत प्यारी आती,
आंख सुबह ही खुल पाती।
अच्छे-अच्छे सपने आते,
सपने में ही हलुवा खाते।
मम्मी आकर मुझे जगाती,
शाला की फिर याद दिलाती।
हर रोज बस यही कहानी,
नहीं रजाई का कोई सानी।

## जीके क्विज-86

1. मध्य प्रदेश का उज्जैन जिला किस नदी के तट पर बसा है?
2. देश में सबसे बड़े आकार वाली वीणा प्रतिमा कहां स्थापित की गई है?
3. भारत का एक राज्य, जो कभी भी अंग्रेजों का गुलाम नहीं हुआ था?
4. हाल में वित्त आयोग का नया अध्यक्ष किसे बनाया गया?
5. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस राज्य को 'कोयले का भंडार' कहा जाता है?
7. भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का क्या नाम है?
8. महात्मा गांधी से पहले भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर छपती थी?
9. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?
10. टी-20 मैच की एक पारी में कितने ओवर खेले जाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-86 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-85 का उत्तर :** 1-विष्णुदेव साय, 2-डॉ. मोहन यादव, 3-वृंदा घनश्याम राठी, 4-88, 5-मछली, 6-इलायची, 7-ताजमहल, 8-सरदार वल्लभभाई पटेल, 9-शतरंज, 10-3,600 सेकेंड

**जीके क्विज-85 का सही उत्तर देने वाले :** पूर्वी-दुर्ग, आकांक्षा-अहमदाबाद, रौनक-जांजगीर, ईशान-अहमदाबाद, आदित्य-धमतरी, अयान-भिलाई, गीतेश-रायपुर, दुर्गेश-बालोद, किशन-धमतरी, कृष-अनुपपूर, चेतन-बालोद,

कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

स्कूल जाते समय शशांक जब सर्दी में एक भिखारी को ठंड से कांपता देखता तो उसको भिखारी पर बहुत दया आती। शशांक ने भिखारी की मदद करने की सोची। जब उसने अपने पापा-मम्मी से यह बात कही तो वे बोले, 'दुनिया में बहुत सारे गरीब-दुखियारे हैं, किस-किस की मदद करोगे?' लेकिन शशांक माना नहीं, उसने जो किया, उससे उसे ही नहीं, मम्मी-पापा को भी अनोखी खुशी मिली।

# अनोखी खुशी



सुबह स्कूल जाते समय बस की खिड़की से शशांक एक भिखारी को सड़क किनारे भीख मांगते हुए देखता था। उस भिखारी के कपड़े मैले-कुचैले और फटे-पुराने होते थे। वह सर्दी से ठिठुरता रहता था। उसकी एक टांग भी घुटने से नीचे कटी हुई थी। भिखारी को देखकर शशांक को उस पर दया आती। उसका मन करता कि भिखारी की कोई मदद करे।

एक दिन रात के समय खाना खाने के दौरान शशांक ने मम्मी-पापा को उस भिखारी के बारे में बताया। उसने यह भी कहा कि उस भिखारी को सर्दी से बचाने के लिए हमें कुछ करना चाहिए।

शशांक की बात सुनकर पापा बोले, 'बेटा, दुनिया में ना जाने कितने गरीब-दुखियारे हैं। हम किस-किस की मदद करेंगे?' बीच में मम्मी भी बोलीं, 'दूसरे लोग भी तो उस भिखारी को देखते होंगे, कोई और कर देगा मदद।'

लेकिन शशांक पर मम्मी-पापा की बात का कोई असर नहीं हुआ, वह बोला, 'मम्मी-पापा, सर्दी के इस मौसम में उसे कितनी मुश्किल होती होगी। आप उसे देखेंगे तो आपको भी उस पर बहुत दया आएगी।'

थोड़ी देर की बातचीत के बाद अंत में यही तय हुआ कि आने वाले रविवार को पापा शशांक को साथ लेकर उस भिखारी को देखने जाएंगे। रविवार को जब पापा और शशांक उस जगह पहुंचे, जहां वह भिखारी बैठकर भीख मांगता था, वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह आज भीख मांगने नहीं आया है। यह भी मालूम हुआ कि वह पास की गली में कहीं रहता है।

पापा और शशांक उस भिखारी को ढूंढ़ते हुए उसके पास पहुंचे तो पता चला कि सर्दी लग जाने के कारण उसे बुखार था। इसी कारण वह भीख मांगने नहीं गया। पापा को भी उस भिखारी को देखकर दया आई। कुछ देर बाद पापा और शशांक घर लौट आए। उन्होंने मम्मी को भी भिखारी की स्थिति के बारे में बताया। मम्मी को भी उस पर बहुत तरस आया। मम्मी-पापा ने उस भिखारी की मदद करनी चाही, लेकिन यह समझ नहीं आ रहा था कि मदद की कैसे जाए? तभी शशांक बोला, 'पापा, यह दीवार पर आपकी जो फोटो लगी है, उसमें आपने बंद गले का कोट पहना हुआ है, लेकिन अब आप यह कोट पहनते नहीं। पापा, यह कोट कहां है?' 'शशांक, यह कोट बहुत पुराना हो गया था, इसलिए उसे पहनना बंद कर दिया। वह कोट किसी अटैची में ही बंद रखा है।' पापा ने बताया।

यह सुनते ही शशांक बोला, 'पापा, क्यों न यही कोट उस भिखारी को दे दिया जाए, वह ठंड से बच जाएगा।'

शशांक की बात मम्मी-पापा को पसंद आई।

तभी मम्मी को कुछ याद आया और वह बोलीं, 'एक गर्म जुराब भी पड़ी है, लेकिन सिर्फ एक पैर की। इसके साथ की दूसरी जुराब ना जाने कहां गुम गई थी। वह जुराब भी हम उस भिखारी को दे सकते हैं।'

यह सुनकर शशांक उत्साह से भर उठा, बोला, 'पापा, आज शाम को ही चलते हैं, उस भिखारी को कोट और जुराब देने!'

शाम को जब पापा और शशांक उस भिखारी के पास जाने लगे, तो मम्मी ने उस भिखारी के लिए गर्म खाना भी पैक करके दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि उसे गर्म चाय भी पिला देना। पापा ने बुखार के लिए दवाई भी रख ली।

